वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 275 | मंगलवार 31 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर




गोवा में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा लोकोत्सव आयोजित

# लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए लोक कलाओं को प्रोत्साहन देना हमारा सामूहिक कर्तव्य: राज्यपाल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अध्यक्ष और राज्यपाल कलराज मिश्र ने आमजन से लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए लोक कलाओं और हस्तशिल्प उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अधिकाधिक अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बाजारवाद के दौर में लोक कलाकार जीवन से जुड़ी उदात्त परम्पराओं और सांस्कृतिक मूल्यों का पोषण करते हैं, इन्हें प्रोत्साहन देना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। राज्यपाल मिश्र पणजी स्थित दरीया संगम कला अकादमी संकुल में गोवा सरकार और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित दस दिवसीय लोक कला महोत्सव ''लोकोत्सव 2023'' के उद्घाटन समारोह में सोमवार शाम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जब सबकुछ यांत्रिक होता जा रहा है, ऐसे समय में लोक कलाकार और शिल्पकार आमजन को लोक संस्कृति से जोड़े रखने के लिए अपनी सुंदर एवं मनमोहक कलाओं के माध्यम से प्रभावी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत की वास्तविक संस्कृति में भाषा, धर्म, जाति और विचारधारा के भेद स्वतः मिट जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजन विविधता में एकता की इस भारतीय संस्कृति के प्रसार की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, इनमें लोगों की सामूहिक संस्कृति और संस्कार देखने को मिलते हैं। यही कारण है कि हमारी राष्ट्रीय एकता का इतिहास भी लोक पर्वों और उत्सवों से ही जुड़ा रहा है। राज्यपाल मिश्र ने लोकोत्सव के भव्य आयोजन के लिए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र और गोवा सरकार की सराहना भी की। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने गोवा में आयोजित लोकोत्सव को अनुपम बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से संस्कृति के सरोकारों से हम प्रत्यक्ष जुड़ते हैं। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भी लोकोत्सव को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे सांस्कृतिक रूप में लोग निकट आते हैं। उन्होंने राज्यपाल मिश्र का अभिनंदन करते हुए उनके व्यक्तित्व की सराहना की। गोवा सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री गोविंद एस गौडे ने देश के भिन्न भागों से आए कलाकारों और शिल्पकारों का स्वागत करते हुए दस दिवसीय आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आरंभ में लोकोत्सव से जुड़ी पुस्तिका का लोकार्पण किया गया। राजस्थानी कलाकारों ने पधारो म्हारे देस की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




## लोकोत्सव में साकार हो रही भारत की विविधता भरी संस्कृति

लोकोत्सव में भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति लघु रूप में साकार हो रही है। 800 से अधिक शिल्पकार अपने-अपने राज्यों की हस्तकलाओं और उत्पादों का प्रदर्शन करने पणजी पहुंचे हैं। वहीं, 600 लोक कलाकार अपने-अपने राज्यों के लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियां इस आयोजन में देंगे। राजस्थानी लोक कलाकारों की मांगणियार लोक गायन, कालबेलिया, भवाई नृत्य, बहुरूपिया व कठपुतली की प्रस्तुतियां लोकोत्सव का विशेष आकर्षण है। गोवा के स्थानीय लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों के अलावा ओडिशा के कलाकारों की गोटीपुआ, असमिया कलाकारों के बिहू नृत्य, गुजरात के मेवासी नृत्य, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया छाऊ नृत्य, उत्तर प्रदेश के चरकुला, कर्नाटक के डोलू कुनिथा पारम्परिक नृत्य, महाराष्ट्र के लावणी, गुजरात के सिद्धि धमाल, हरियाणा के घूमर फाग, मणिपुर से आए कलाकारों के पुंग चोलम एवं ढोल चोलम नृत्य और थांग टा की प्रस्तुतियां इस महोत्सव में देखने को मिलेंगी।





# मावठ की बारिश और ओलावृष्टि के बाद वातावरण में ठिठुरन



उदयपुर. शाबाश इंडिया। लेकसिटी में पिछले दो दिनों से मावठ की बारिश और ओलावृष्टि के बाद सोमवार को भी अधिकांश समय सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा। इसके चलते दिन भर वातावरण में ठिठुरन बनी रही। दफ्तर में कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी इसका असर नजर आया। अचानक मौसम में हुए बदलाव के कारण ज्यादातर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे देखे गए। शाम ढलते ही सड़कें सूनी हो गई। बाजार और गलियों सहित घरों में भी लोग अलाव तापते कैमरे में कैद हुए। फोटोः दिनेश शर्मा (अर्जेंट स्टूडियो)

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर की कार्यकारिणी मीटिंग संपन्न

## रविवार, 5 फरवरी को होगा राजस्थान अस्पताल मे निशुल्क मेडिकल केम्प

## 25 फरवरी शनिवार को होगा भव्य हास्य व्यंग कवि सम्मेलन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर की कार्यकारिणी की मीटिंग बड़जात्या सभागार, भट्टारक जी की नसिया में संपन्न हुई। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि सभा में 45 सदस्य उपस्थित थे। रीजन महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि कार्यक्रम में रीजन वरिष्ठ परामर्शक महेंद्र कुमार पाटनी, रीजन परामर्शक सुरेंद्र कुमार पांड्या, रीजन परामर्शक नवीन सेन जैन, रीजन निवर्तमान अध्यक्ष यशकमल अजमेरा, पारिवारिक समस्या निराकरण कमेटी की चेयरमैन श्रीमती शशि सेन जैन की गौरवमई उपस्थिति रही। रिजन अध्यक्ष ने बताया कि रिजन के तत्वावधान मे सन्मति ग्रुप द्वारा 5 फरवरी, रविवार को राजस्थान अस्पताल मे एक निशुल्क मेडिकल केम्प का आयोजन तथा शनिवार, 25 फरवरी को भव्य हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन भट्टारक जी की नासिया मे सन्मति ग्रुप द्वारा किया जायेगा। रिजन के निवर्तमान अध्यक्ष यश कमल अजमेरा को इन दोनों कार्यक्रमों का मुख्य समन्वयक मनोनीत किया गया हैं। रीजन कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन ने बताया की मीटिंग में सर्वप्रथम महासचिव निर्मल संघी ने गत मीटिंग




की कारवाही पढ़कर सुनाई तथा रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने अपने हस्ताक्षर कर सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति से संपुष्टि की तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय ने पूरे साल भर रीजन की, किये जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला व सभी से निवेदन किया कि जो भी कार्यक्रम हो उन सभी कार्यक्रमों में ग्रुपों की अधिक से अधिक उपस्थिति हो इसका पूर्ण प्रयास किया जाए। सभा में 5 फरवरी को होने वाले मेडिकल कैंप के पोस्टर का विमोचन किया गया तथा उज्जैन में जो ग्रुप किसी कारणवश नहीं जा पाए थे उन सब का यहां पर सम्मान किया गया। मीटिंग में जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, मैत्री, डायमंड, पार्श्वनाथ, ब्लू स्टार, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, स्वास्तिक, सन्मति, विराट ग्रुप के अध्यक्ष व सचिव तथा रीजन कार्यकारिणी पदाधिकारियों व सदस्यों की ओजस्वी उपस्थिति रही। रीजन कार्याध्यक्ष सुनील कुमार बज ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

## एडवोकेट रागिनी ने दी कामगार महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थली संबंधी कानून की जानकारी




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

आंतरिक शिकायत समिति के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय सभागार में शहर की ख्यात एडवोकेट रागिनी शर्मा ने कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न/यौन शोषण संबंधी वर्ष 2013 में बने शिकायत निवारण कानून पर उपयोगी व्याख्यान दिया। इससे पूर्व गांधीजी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस के मौके पर दो मिनिट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मीना बया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को यौन शोषण सम्बन्धित कानून एवं नियमों के प्रति जागरूक रहने सहित इसके समाधान की प्रक्रियाओं को अच्छी तरह जानने की सलाह और प्रेरणा दी, जिससे कि प्रत्येक कामगार महिला कार्यस्थली पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक तरीके से निर्भय होकर काम कर सके। समिति सह प्रभारी डॉ.कानन सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कई छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर सहित उनकी जिज्ञासा का समाधान एडवोकेट शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ.निधि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ऐश्वर्या कॉलेज: दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अभिव्यक्ति में झलका अपूर्व उत्साह




### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता आज पाएंगे पुरस्कार

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

झीलों की नगरी में न्यू आरटीओ रोड स्थित ऐश्वर्या कॉलेज में सोमवार को दो दिवसीय ₹अभिव्यक्ति₹ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षाविद और कलाधर्मी श्रीनिवासन अय्यर और वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा 'राजदीप' ने दीप प्रज्वलन किया। बाद में भुवन शर्मा ने गणपति वंदना गाई। बता दें, अभिव्यक्ति कार्यक्रम में पहले दिन ऐश्वर्या कॉलेज सहित अन्य विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने पेंटिंग, रंगोली, हिंदी/अंग्रेजी कैलीग्राफी, कैरिकेचर, काव्य पाठ, युगल गायन, समूह नृत्य प्रतियोगिताओं के अलावा ओपन गेम्स में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी विलास जानवे, ऐश्वर्या इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड आईटी डायरेक्टर डॉ. अनिता भाटी, ऐश्वर्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. राशि माथुर, ऐश्वर्या फामेर्सी कॉलेज प्रिंसिपल गजाराम सीरवी, प्रशासक और रंगकर्मी मनीष शर्मा, मीडिया मैनेजमेंट अधिकारी महेंद्र देवासी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। ऐश्वर्या कॉलेज सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि इसी क्रम में अभिव्यक्ति कार्यक्रम के दूसरे दिन पतंगबाजी, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग, स्टेंडअप कॉमेडी, उदयपुर हेरीटेज क्विज, फैंसी ड्रैस, आशुभाषण, मेंहंदी, ग्रुप माइम के साथ अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। साथ ही दोनों दिन हुईं सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल:9829050939

Happy Anniversary
श्री अविनाश-पूजा जैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर सदस्य
को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां
31 जनवरी
मोबाइल: 9829081603
शुभकामनाओं सहित
संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन संस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव
समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार



श्री अजय कुमार-वर्षा जैन
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सदस्य
की वैवाहिक वर्षगांठ (31 जनवरी) पर
9828060913
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
Happy Anniversary
शुभेच्छु
अध्यक्ष: राकेश-समता गोदिका,
परामर्शक: दिनेश-संगीता गंगवाल
कार्याध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या,
सचिव: अनिल - निशा संघी, कोषाध्यक्ष: अनिल - अनिता जैन
एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर



## वेद ज्ञान

### सकारात्मक सोच से ही जीवन में सफलता

प्रत्येक व्यक्ति सफल होना चाहता है। जब वह असफल होता है तो खीझकर अपनी असफलता के बिंदु तलाशने लगता है कि आखिर कहां कमी रह गई? असफल होने के पीछे सबसे बड़ी वजह व्यवहार कुशलता की कमी है। वे लोग जो अधिक परिश्रमी नहीं हैं, लेकिन व्यवहार कुशल हैं तो वे प्रतिभाशाली और मेहनती लोगों से अधिक सफलता हासिल कर लेते हैं। मोटिवेशनल स्पीकर विली जॉली इस बारे में कहते हैं, ऐसा क्यों है कि कुछ लोग जिस चीज में भी हाथ डालते हैं, वह सोना बन जाती है, जबकि दूसरे कई लोग लक्ष्य पर कभी निशाना ही नहीं लगा पाते? इसका जवाब यह है कि वे लोग सफलता की विधि जानते हैं। जिस तरह केक या कचौड़ी बनाने की एक विधि होती है, उसी तरह सफलता की भी एक विधि होती है। इस विधि में अनेक मिश्रणों का घोल शामिल है जिनमें व्यवहार कुशलता, संकल्प, श्रम और सकारात्मक सोच शामिल है। वे लोग जो सामाजिक परिवेश में संकुचित और शर्मीले होते हैं अक्सर आत्मविश्वास की कमी से असफलता के शिकार हो जाते हैं। उन्हें यह अहसास ही नहीं होता कि असफल होने में उनकी किस्मत का नहीं, बल्कि उनके व्यवहार कुशल न होने का दोष है। व्यवहार कुशल व्यक्ति न केवल खुद कामयाब होता है, बल्कि अपनी संगति में आने वाले लोगों का भी सफलता से साक्षात्कार कराने में सहायक होता है। व्यवहार कुशल होना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है, बस इसके लिए आपको एक सरल सा कार्य करना है कि आप लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप अपने साथ चाहते हैं। यदि महज इस छोटी सी बात को अच्छी तरह समझकर प्रयोग में लाया जाए तो न केवल असंख्य लोग असफल होने से बच सकते हैं, बल्कि वे अपनी सफलता के मापदंडों को तोड़कर उत्कृष्टता के प्रतिमान तक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि अच्छा व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करता है और इस तरह वह सभी का प्रिय बन जाता है। अध्यात्म एवं आशा से व्यक्ति व्यवहार कुशल बनता है। इसलिए व्यवहार कुशल बनें तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी।

## संपादकीय

# धनशोधन संबंधी मामलों में कार्रवाई अधिकार पर विवाद

अदालत ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय को केवल धनशोधन संबंधी मामलों में कार्रवाई का अधिकार है। वह अनुमान के आधार पर कोई मामला तय नहीं कर सकता। अगर किसी मामले में अनुमान के आधार पर कार्रवाई की गई है, तो उस पर संबंधित अधिकारियों को कानून के तहत सुनवाई करनी होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यह आदेश जिन याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिया है, उनमें धनशोधन को लेकर कोई तथ्य प्रकट नहीं था, यहां तक कि सीबीआइ ने भी ऐसा तथ्य उजागर नहीं किया था। धनशोधन अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय को एक करोड़ या इससे ऊपर के मामलों में ही जांच का अधिकार है, मगर उसने दूसरे विभागों के अधिकार क्षेत्र में अनिधकार प्रवेश कर बहुत सारे मामलों की जांच की है। इसका नतीजा यह है कि उनमें से बहुत कम मामलों में मुकदमा दर्ज हो सका है, बाकी मामलों को बिना किसी फैसले के छोड़ना पड़ा। दिल्ली उच्च न्यायालय के इस आदेश से बहुत सारे लोग इसलिए



संतोष अनुभव कर रहे हैं कि पिछले कुछ सालों में प्रवर्तन निदेशालय ने अनेक ऐसी जगहों पर छापे मारे, जहां उसे जाने की जरूरत नहीं थी। कई जगहों पर उसने आय से अधिक संपत्ति के मामलों में भी दखल दी, सिर्फ इस अनुमान के आधार पर कि वहां धनशोधन से जुड़ा मामला हो सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर दूसरी जांच एजेंसियों को कोई ऐसा मामला हाथ लगता है, तो वे उसे सौंप सकती हैं, इसी तरह अगर प्रवर्तन निदेशालय को कोई ऐसा तथ्य हाथ लगता है, जो दूसरी एजंसियों के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो वह उन्हें सौंप देगा, न कि खुद उन पर कोई फैसला करेगा। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने भी प्रवर्तन निदेशालय के जब्ती, गिरफ्तारी जैसे अधिकारों को उचित ठहराते हुए उसके अपने दायरे में रह कर काम करने के अधिकार को रेखांकित किया था, पर उसकी सक्रियता में कमी नहीं आई। इसलिए दावा करना मुश्किल है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश से वह कितना सबक लेगा। दरअसल, पिछले कुछ सालों में जिस तरह सीबीआइ, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने लक्ष्य करके कई लोगों पर छापे डाले, उससे यह कहा जाने लगा था कि ये एजंसियां सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। इस तरह वे अपने दायरे से बाहर जाकर भी काम कर रही हैं। उनका मकसद मामले की जांच करने से अधिक लोगों को परेशान करने का है। हालांकि ये आरोप नए नहीं हैं, सभी सरकारों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं। मगर जब कार्रवाइयों में बदले की भावना अधिक बढ़ जाती है, तो उन्हें लेकर आक्रोश फूटता ही है। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। मगर ऐसी गुहारों पर प्रवर्तन निदेशालय या दूसरी जांच एजेंसियों के कानूनी अधिकार सीमित नहीं किए जा सकते। पर कानून इस तरह उन्हें यह अधिकार भी नहीं देता कि वे अपनी मर्जी से किसी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे बदनाम और परेशान करें या किसी तरह का अनावश्यक दबाव बनाएं। प्रवर्तन निदेशालय के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का ताजा आदेश एक सबक है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बढ़ते अपराध...

दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक मेट्रो स्टेशन के पास बुधवार को जिस तरह खून से लथपथ शव पड़ा मिला, उससे साफ है कि तकनीकी और व्यवस्थागत दृष्टि से उच्च मानकों वाला शहर माने जाने के बावजूद वहां भी अपराधी मानसिकता वाले लोग कानून की परवाह नहीं कर रहे। यों अब पुलिस अन्य स्रोतों के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज के जरिए हत्यारे का पता लगाने की कोशिश कर रही है, मगर इस संदर्भ में आई खबरों के मुताबिक मृतक के बेटे ने आरोप लगाया है कि मजदूरी के पैसे को लेकर उसके पिता का एक ठेकेदार से झगड़ा हुआ था और इस हत्या के पीछे उसी का हाथ है। किसी भी आपराधिक घटना के संदर्भ में पुलिस पहले प्राथमिक आशंकाओं और स्रोतों के आधार पर काम करती है। लेकिन इस मामले में किसी आरोपी को पकड़ने में पुलिस को अब तक कोई कामयाबी नहीं मिली है। सवाल है कि एक सुव्यवस्थित और उच्च तकनीकी शहर की पहचान रखने वाले गुरुग्राम में कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी क्यों है कि किसी मजदूर की पीट-पीट कर हत्या करके कहीं फेंक दिया जाता है और पुलिस को उसका सुराग तलाशने में भी पूछताछ जैसे स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। आए दिन सरकार की ओर से दावे किए जाते हैं कि अपराधों को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों से लेकर सभी उच्च तकनीकी सुविधाओं का सहारा लिया जाएगा। हकीकत यह है कि अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो जाता है और उसे खोज निकालना पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती होती है। अगर मेहनताने के सवाल पर किसी मजदूर को पीट-पीट कर मार डालने का आरोप सही पाया जाता है तो इससे यह भी पता चलता है कि आपराधिक मनमानी और अपराध के हालात पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक होगा कि मजदूरी मांगने पर ऐसा अपराध करने की हिम्मत किसी में कहां से आती है। कहने को गुरुग्राम में भी दिल्ली पुलिस की तर्ज पर अपराधों को कम करने के लिए विशेष दस्ते का गठन किया गया है। लेकिन वहां से आए दिन आपराधिक घटनाओं की जैसी खबरें आती रहती हैं, वे वहां की कानून-व्यवस्था की स्थिति को एक तरह से आईना दिखाती हैं। आखिर क्या वजह है कि सिर्फ मजदूरी के सवाल पर देश के दूरदराज से रोजी-रोटी की आस में आए किसी मजदूर की पीट कर हत्या कर देने का मामला सामने आता है और कानून-व्यवस्था लाचार दिखती है। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब गुरुग्राम के ही जल विहार इलाके में लाठी-डंडों से लैस नकाबपोश अपराधियों ने एक युवक की सरेआम पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। करीब साढ़े तीन साल पहले के आंकड़ों के मुताबिक गुरुग्राम हरियाणा में सबसे ज्यादा अपराध वाले शहरों में शुमार था। संभव है कि अपराधों पर काबू करने के लिए प्रयास किए जाते हों। लेकिन इस तरह के प्रयासों की सार्थकता इस बात पर निर्भर है कि हत्या और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने के बारे में सोचने वालों के भीतर कानून-व्यवस्था और पुलिस का खौफ हो।

### अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ की त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न

# सामाजिक एकता, तीर्थ सुरक्षा एवं राजनीतिक वर्चस्व पर विस्तृत चर्चा

## परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज का आशीर्वाद

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ के द्वारा इंदौर एवं उज्जैन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,राजस्थान, कर्नाटक, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र आदि विभिन्न राज्यों के पत्र संपादक एवं पत्र लेखक,संवाददाताओं ने सहभागिता की ।परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज का सभी को शुभाशीर्वाद प्राप्त हुआ। प्रथम सत्र- मोदी जी की नसियां -जैन मंदिर, इंदौर के सभागार में दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष अशोक जैन बड़जात्या के मुख्य आतिथ्य , हंसमुख जैन गांधी, कैलाश जैन वेद, नरेन्द्र जैन वेद, टी.के. वेद, डीके जैन के विशिष्ट आतिथ्य तथा पत्र संपादक संघ के कार्याध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र कुमार जैन भारती की अध्यक्षता में प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ।इस सत्र का संचालन डॉक्टर संगीता विनायका, संपादक-परिणय संदेश ने किया। प्रारंभ में श्रीमती चंदा हेमंत बड़जात्या के द्वारा लिखित जैनाचार एवं धर्म



शास्त्रीय आचार ग्रंथ एवं मेरी भावना से संयुक्त किट सभी पत्र संपादकों को एवं अतिथियों को प्रदान कर मध्य प्रदेश इकाई के सचिव पंडित अशोक जैन शास्त्री, स्वागताध्यक्ष हेमंत जैन, राकेश सोनी, मनीष अजमेरा एवं डॉ संगीता विनायका ने अभिनंदन किया। मंगलाचरण प्रीति मोदी ने किया। पत्र संपादक संघ की ओर से स्वागत भाषण देते हुए डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ शैलेंद्र जैन एवं डॉ. अखिल जैन बंसल के नेतृत्व में सक्रियता से कार्य कर रहा है । आज के ज्वलंत प्रश्न सामाजिक एकता , तीर्थ सुरक्षा एवं राजनीतिक वर्चस्व ,यह तीन विषय इस कार्यशाला में विचार के लिए रखे हैं, इससे समाज को एक नई दिशा मिलेगी ।सभी अतिथियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके प्रति बहुमान प्रकट किया। डॉ. अरविंद जैन जयपुर ने कहा कि सर्वोदय की भावना, मयार्दा युक्त व्यवस्था का पालन गुणात्मक जैन दर्शन की शिक्षा, जैन धर्म सम्मत शिक्षा आधारित पब्लिक स्कूलों की स्थापना से समाज में एकता स्थापित हो सकती है। तीर्थों की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक प्रबंध आवश्यक हैं। टीके वेद ने कहा कि हमें तीर्थ सुरक्षा के लिए कानूनी तरीके से लड़ना चाहिए, हमें अपने सम्मान की चिंता भूल कर तीर्थों के सम्मान की चिंता करना चाहिए। जैनसंदेश के वयोवृद्ध संपादक एवं पत्र संपादक संघ के प्रवक्ता अनूप चंद जैन एडवोकेट ने कहा कि आज समाज को लेकर जो चिंतनीय स्थिति है वह विचारणीय है। हम सब संपादक सामाजिक एवं धार्मिक एकता कैसे हो, इस पर चिंतन के लिए एकत्रित हुए हैं। यदि समाज में एकता हो जाए तो तीर्थों की सुरक्षा हो जाएगी, राजनीतिक वर्चस्व भी बढ़ेगा। हम सीधे आक्षेप ना करें अपितु समझदारी से अपने एजेंडा को बढ़ाएं ।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर की आदीश्वर धाम यात्रा सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर की आदीश्वर धाम एक दिवसीय यात्रा बडे धूमधाम से सम्पन्न हुई। सबसे पहले सभी सदस्य दुर्गापुरा जैन मंदिरजी मे एकत्रित होकर दर्शन किये व जलपान कर बस से चाकसू आदीश्वर धाम पहुंचे व सबसे पहले मंदिर जी मे दर्शन किये उसके बाद 48 दीपको से भक्तामर का भक्तिभाव से दीपदान किया। मंगलाचरण श्रीमती कल्पना, सुशीला, शशिप्रभा व डॉ शान्ति जैन ₹मणि₹ने किया। इसके बाद गुप के अध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें पुनः डॉ एम एल जैन ₹ मणि ₹ को वर्ष 2023 के लिए अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिया गया । डां मणि ने सचिव पद पर विजय कासलीवाल को तथा कोषाध्यक्ष पद पर पारस लुहाड़िया का मनोनयन किया। शान्ति पाठ के पश्चात सभी ने चूरमा दाल बाटी का आनन्द लिया। कोषाध्यक्ष पारस ने बेमोसम बरसात के बावजूद भी यात्रा मे पधारे सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।




# राजस्थान विश्वविद्यालय स्टाफ क्लबों की गोठ सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान विश्वविद्यालय स्टाफ क्लब की गोठ सम्पन्न हुईं। क्लब अध्यक्ष गोविंद सिंह द्वारा आयोजित सामूहिक गोठ के कार्यक्रम में कुलसचिव श्रीमति नीलिमा तक्षक, सभी उप कुलसचिव, हाल ही सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी साथी एव पूर्व अध्यक्षों एव विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। देवनारायण जयंति के उपलक्ष्य में अचानक घोषित हुऐ राजकीय अवकाश के बाद भी कर्मचारियों के इस आयोजन को प्राथमिकता देते हुए बड़े ही उत्साह के साथ सामूहिक गोठ के इस प्रोग्राम में अपनी गरिमामयी उपस्थित देकर इस आयोजन को सफल बनाया।

# महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर द्वारा मासिक बैठक सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर ने नव वर्ष की प्रथम मासिक बैठक 28 जनवरी, शनिवार को राजस्थान हास्पिटिल के चैयरमेन डॉ एस एस अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की ।जिसमें वीर विराओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया डाक्टर साहब ने बिमारियों से बचने बीमार न पड़ने के लिए क्या केसे करना चाहिए तथा बीमार होने पर केसे तुरंत उपचार करना चाहिए उन्होंने ने कहा कि हमें योगा कसरत तथा सुबह टहलना चाहिए और नियमित रहना चाहिए। यह हमें हर रोग से रक्षा करती है और रोगो से बचाकर रखती है साथ ही संतुलित भोजन कर अपनी इन्युमिनीटी बढ़ानी चाहिए। सोने से कम से कम 2 घंटे पूर्व सायंकालीन भोजन कर लेना चाहिए। उपस्थित सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर देकर सभी को संतुष्ट किया। इसके बाद महान जादूगर आर के सोनी ने जादू के महान करतबों से सब का मन मोह लिया। बच्चों को तथा हमारे अतिथियों को स्टेज पर बुलाकर अपने जादू के करतबों से खाली डिब्बे को दिखा कर उसमें से माला निकाल कर माल्यार्पण किया। महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन का हार्दिक स्वागत का झंडा भी डिब्बे से निकाल कर लहराया और मुख्य अतिथि अध्यक्ष मंत्री का फोटो भी डिब्बे से निकाल कर माल्यार्पण किया पानी व दूध को गिलास में डालकर गिलास को उल्टा कर दिया लेकिन पानी व दूध नीचे नहीं गिरा ।समारोह में वीर सुभाष गोलेछा अध्यक्ष ,वीर भागचंद जैन उपाध्यक्ष वीर एन के सेठी उपाध्यक्ष, वीर इन्जी पी सी छाबड़ा मंत्री, वीर एच एम सिधंवी वीर डी के जैन वीर आर एस जैन संयुक्त सचिव वीर राज कुमार पालावत कार्यकरिणी सदस्य व भारी संख्या में वीर वीराऐ उपस्थित रहीं।


दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर
के तत्वावधान में
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

निःशुल्क मेडिकल कैम्प एवं नेत्र जांच शिविर

रविवार, 5 फरवरी 2023 समय : प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक

स्थान : राजस्थान अस्पताल प्रांगण, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

शिविर में निम्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी......

| हृदय रोग विशेषज्ञ | हड्डी रोग विशेषज्ञ | नेत्र रोग विशेषज्ञ | डायबिटिज विशेषज्ञ | स्त्री रोग विशेषज्ञ | जनरल फिजिशियन | कान, नाक, गला विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डॉ. कैलाश चन्द्रा | डॉ. जितेश जैन | डॉ. करिश्मा गोयल | डॉ. प्रियाश्री कटेवा | डॉ. प्रियंका शर्मा | डॉ. डी. के. जैन | डॉ. पंकज सिंह |

शिविर में उपलब्ध निःशुल्क जांचें

नोट : जॉंच करवाने हेतु खाली पेट आना उचित रहेगा। रोगी अपने ईलाज संबंधित पूर्व रिपोर्ट व डॉ. की पर्ची साथ लेकर आवें।

बीएमडी | फाइब्रो स्कैन (प्रात: 10 से 12 बजे तक) | लिपिड प्रोफाइल रैंडम शुगर | पैप स्मीयर (केवल महिलाओं के लिए) | मैमोग्राफी (केवल महिलाओं के लिए) | ई.सी.जी. (कार्डियोलॉजिस्ट की सिफारिश पर)

मुख्य अतिथि :: डॉ. निर्मल जी जैन, Member : National Road Safety Council (NRSC)
दीप प्रज्वलन कर्त्ता : श्रीमान् सुभद्र जी पापड़ीवाल
मुख्य समन्वयक यश कमल-संगीता अजमेरा 9829067076
समन्वयक राकेश-रेणु संघी 9950880055
समन्वयक कमल-मंजू ठोलिया 9414062851
समन्वयक प्रदीप-प्राची बाकलीवाल 9414070596
संयोजक नितेश - मीनू पाण्ड्या 9314263204

निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर
राजेश बड़जात्या अध्यक्ष | अनिल जैन IPS संस्थापक अध्यक्ष | यश कमल अजमेरा निर्वतमान अध्यक्ष | पारस कुमार जैन कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी महासचिव

आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर
राकेश-समता गोदिका अध्यक्ष | दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक | मनीष-शोभना लोंग्या कार्याध्यक्ष | अनिल-अनिता जैन कोषाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी सचिव

सौजन्य से :: राजस्थान अस्पताल जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

# कभी पेशाब रुक जाए तो क्या करें...

**शाबाश इंडिया**

यह एक प्रसिद्ध एलोपैथी चिकित्सक 70 वर्षीय ईएनटी विशेषज्ञ का अनुभव है। **आइए सुनते हैं अनुठा अनुभव...** एक सुबह वे अचानक उठे। उन्हें मुत्रत्याग करने की जरूरत थी, लेकिन वे कर नहीं सके (कुछ लोगों को बाद की उम्र में कभी-कभी यह समस्या होती है)। उन्होंने बार-बार कोशिश की, लेकिन लगातार कोशिश नाकाम रही। तब उन्होंने महसूस किया कि एक समस्या खड़ी हो गयी है। एक डॉक्टर होने के नाते, वे ऐसी शारीरिक समस्याओं से अछूते नहीं थे; उनका निचला पेट भारी हो गया। बैठना या खड़े रहना दुस्वार होने लगा, तल-पेट में दबाव बढ़ने लगा। तब उन्होंने एक जाने-माने यूरोलॉजिस्ट को फोन पर बुलाया और स्थिति के बारे में बताया। मूत्र-रोग विशेषज्ञ ने उत्तर दिया: ''मैं इस समय एक बाहरी क्षेत्र के अस्पताल में हूँ, और आपके क्षेत्र के क्लिनिक में दो घंटे में पहुँच पाऊँगा। क्या आप इतने लंबे समय तक इसका सामना कर सकते हैं?'' उन्होंने उत्तर दिया: 'मैं कोशिश करूँगा।' उसी समय, उन्हें बचपन की एक अन्य एलोपैथिक महिला-डॉक्टर का ध्यान आया। बड़ी मुश्किल से उन्होंने अपनी दोस्त-डाक्टर को स्थिति के बारे में बताया। उस सहेली ने उत्तर दिया:-''ओह, आपका मूत्राशय भर गया है। और कोशिश करने पर भी आप मुत्रत्याग कर नहीं पा रहे... चिंता न करें। जैसा मैं बता रही हूं, वैसा ही करें। आप इस समस्या से छुटकारा पा जाएंगे।'' और उसने निर्देश दिया:-'सीधे खड़े हो जाइये, और जोर से बार-बार कूदिये। कूदते समय दोनों हाथों को ऊपर यूँ उठाए रखें, मानो आप किसी पेड़ से आम तोड़ रहे हों। ऐसा 10 से 15 बार करें।'

## हैल्थ अपडेट

बूढ़े डॉक्टर ने सोचा: क्या? सचमुच मैं इस स्थिति में कूद पाऊंगा? इलाज थोड़ा संदिग्ध लग रहा था। फिर भी डॉक्टर ने कोशिश की... 3 से 4 बार छलांग लगाने पर ही उन्हें पेशाब की तलब लगी और उन्हें राहत मिल गयी। उन्होंने इतनी सरल विधि से समस्या को हल करने के लिए अपनी मित्र डॉक्टर को सहर्ष धन्यवाद दिया। अन्यथा, उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ता, मूत्राशय की जॉंच, इंजेक्शन, एंटीबायोटिक्स आदि के साथ साथ कैथेटर डालना होता... उनके और करीबी लोगों के लिए मानसिक तनाव के साथ लाखों का बिल भी होता। कृपया वरिष्ठ नागरिकों के साथ साझा करें। इस असहनीय अनुभव वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक बहुत ही सरल उपाय है।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871

## राधेश्याम अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अग्रवाल विकास परिषद समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मित्तल व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने जयपुर निवासी राधेश्याम अग्रवाल की समाजसेवा व कार्यशैली से प्रभावित होकर राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## डॉ मुनि श्रीपुलकित कुमारजी ने किया कर्नाटक की तरफ विहार



**सूरत. शाबाश इंडिया।** युगप्रधान शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य डॉ मुनिश्री पुलकित कुमार जी, नचिकेता मुनि आदित्य कुमार जी ठाणा 2 ने आज कर्नाटक बल्लारी चातुर्मास हेतु तेरापंथ भवन सिटी लाइट सूरत से विहार किया। मुनिश्री उदित कुमारजी, मुनिश्री मोहजीत कुमारजी ने मंगल पाठ एवं आशीर्वाद देकर मुनिवर को प्रस्थान करवाया। मुनि अनंत कुमारजी, मुनि भव्य कुमारजी, जयेश कुमारजी, मुनि रम्य कुमाजी, मुनि ज्योतिर्मय कुमारजी मुनिश्री को पहुंचाने काफी दूर तक आए। संतों की विदाई का आत्मीयता भरा दृश्य देखकर उपस्थित श्रावक लोग भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा सूरत के अध्यक्ष नरपत कोचर आदि अनेक पदाधिकारीओं के साथ काफी संख्या में श्रावक समाज मुनिश्री के प्रति मंगल भावना करने उपस्थित था। इस अवसर पर मुनि श्री पुलकित कुमार जी ने फरमाया मुनि श्री उदित कुमार जी स्वामी मुनि श्री मोहजीत कुमार जी स्वामी के साथ सूरत का यह प्रवास मेरे लिए अविस्मरणीय यादगार प्रवास बन गया है ।आपकी कृपा एवं वत्सलता मुझे इसी तरह हमेशा मिलती रहे गुरुओं के इंगित की आराधना करते हुए मैं धर्मसंघ की सेवा में लगा रहूं यही आशीर्वाद चाहता हूं। मुनि श्री सूरत से नवसारी सापुतारा नासिक शिर्डी औरंगाबाद होते हुए आगे बढ़ेंगे।

## पारीक कॉलेज में युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम ''उल्लास 2023'' का आगाज

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एस एस जी पारीक पीजी कॉलेज व सम्बद्ध शिक्षण संस्थान में 6 दिवसीय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता ''उल्लास- 2023'' का आगाज हुआ। इस मौके पर उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद रामचरण बोहरा, विशिष्ट अतिथि जयपुर नगर निगम हैरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर, पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक, वीएमओयू निदेशक जितेन्द्र कुमार शर्मा, ऑल इंडिया पारीक महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रमाकांत पारीक, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज,पार्षद मनोज मुदगल व रविप्रकाश सैनी ने गणेश वंदना व सरस्वती पूजन व आसमान में गुब्बारे उड़ाकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद बोहरा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की जानी चाहिए ताकि युवाओं का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास भी किया जा सके, वर्तमान समय प्रतिस्पर्धात्मकता का है।



# जे एस जी अरिहंत ने पठान मूवी दिखाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप अरिहंत द्वारा दिनांक 29 जनवरी को वैभव **Inox,** वैशाली नगर में पठान मूवी दिखाई गई। अध्यक्ष तरुण जैन और कार्यक्रम संयोजक सौरभ- रिचा जैन ने बताया कि मूवी का प्रथम शो 9 से 12 का दिखाया गया। कार्यक्रम ग्रुप के ट्यूलिप हाउस द्वारा संजोया गया जिसके संयोजक सौरभ - रिचा जैन, अमर चंद- उषा दीवान, अशोक - अमन झांझरी, प्रमोद- सारिका जैन, जितेंद्र -कुसुम शाह, राजेश- निधि जैन, संजय- रीना पाटनी, कमल- बीना जैन, नरेश- रीमा जैन और उज्ज्वल- निशा जैन थे। लगभग 270 सदस्यों ने मूवी का जमकर आनंद लिया। सभी सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था वर्धमान, नेमी सागर कॉलोनी, वैशाली नगर में की गई थी। ट्यूलिप हाउस द्वारा सभी आए हुए सदस्य को उपहार दिए और 5 लकी ड्रॉ भी निकाले। ग्रुप के सदस्य सुधीर- नीलम की शादी की सालगिरह वहीं पर मनाई गई और उन्हें ग्रुप की तरफ से गिफ्ट भी दिया गया। अंत में सचिव राजकुमार सोगानी ने सभी आए हुए सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विवान सेवा संस्थान द्वारा लकवा घर में नि:शुल्क शिविर का हुआ आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज विवान सेवा संस्थान एवं वार्ड पार्षद (99) के सौजन्य से लकवा घर में लकवा व मिर्गी रोग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ.मुकेश भास्कर (ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन/सहआचार्य सवाई मानसिंह अस्पताल), डॉ.ओमप्रकाश काजला (फिजियोथैरेपिस्ट) ने अपनी सेवाएं दी व निःशुल्क दवा वितरण,जांचें, मिर्गी जागरूकता किट वितरित किए गए जिसका लगभग 100 मरीजों ने लाभ उठाया तथा साथ ही लकवा घर के सरेबरल पालसी के मरीज कैशव का संस्थान टीम ने जन्म दिवस मनाया। संस्थान सचिव डॉ.मनोज लांबा ने बताया कि विवान सेवा संस्थान द्वारा हर सप्ताह निःशुल्क चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है. लकवा घर में लकवा, कोमा, मांसपेशियों में दर्द, कमजोरी के मरीजों के लिए रहने, खान एवं पुनर्वास (इलाज,थेरेपी) की निःशुल्क व्यवस्था रहती है एवं साथ ही मरीजों के घरवालों को अनौपचारिक ट्रेनिंग भी दी जाती है जिसका फायदा उस मरीज को तो मिलता ही है साथ ही संस्थान की कोशिश रहती है कि हर ऐसे मरीज के गांव में ऐसे केयरटेकर तैयार हो जाए ताकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर इन्द्रराज नेनीवाल, टीकेन्द्र चौधरी, वीरेंद्र सिंह, डॉ ममता कुल्हरी, उपाध्यक्ष मयंक शर्मा, कृष्ण भाखरिया, नितेश गुप्ता, दिनेश चौधरी, संजय सैनी, रविकान्त शर्मा, मोहन सैनी उपस्थित रहे।

# खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ के रक्तदान शिविर मे 896 रक्त यूनिट एकत्र



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ जयपुर द्वारा बसंत पंचमी खंडेलवाल दिवस के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर 2023 का आयोजन आज दिनांक 29 जनवरी रविवार को प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक श्री खंडेलवाल वैश्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय संसार चंद्र रोड जयपुर में आयोजन सम्पन्न हुआ । शिविर मे 896 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जयपुर के प्रतिष्ठित 11 ब्लड बैंक ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सतीश तांबी ने बताया कि कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन संत श्री श्री 1008 बाल मुकुंदाचार्य जी महाराज (हाथोज धाम) वालों ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद राजसमंद राजकुमारी दीया कुमारी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र बोहरा सांसद जयपुर एवं विशिष्ट अतिथि आर सी गुप्ता (अध्यक्ष मंगलम सीमेंट) थे। संगठन के अध्यक्ष कुंज बिहारी नाटाणी ने बताया कि खण्डेलवाल समाज के वरिष्ठ समाज सेवकों का विशेष योगदान रहा जिसमें सुनील बटवाड़ा, यशेष तांबी, महेश खंडेलवाल, नरेश सौखिया, आशीष गुप्ता, राजेंद्र कूलवाल एवं स्व. दीवान भगवानसहाय तांबी परिवार अचरोल वाले थे। संगठन के महामंत्री सीए दिनेश कुमार नाटाणी के अनुसार इस कार्यक्रम की व्यवस्था संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया, आज का कार्यक्रम बरसात होने के बावजूद सभी के सहयोग शानदार सम्पन्न हुआ।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सार्थक मानव कुष्ठाश्रम में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




सार्थक मानव कुष्ठाश्रम में 30 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे आश्रम प्रांगण में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि बृजकिशोर शर्मा, अध्यक्ष, राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, कैबिनेट मंत्री, राजस्थान ने कहा कि संवेदनशीलता और परोपकार से बड़ा कोई सुख जीवन में नहीं हैं। दूसरों की पीड़ा को महसूस कर उनके हितों और अधिकारों के लिए काम करना ही मानव सेवा हैं और यही सही मायने में महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। वे सोमवार को गलता स्थित सार्थक मानव कुष्ठआश्रम में आयोजित कुष्ठ निवारण दिवस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कुष्ठबाधिता को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद करे कुष्ठबाधितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के मानद सचिव एवं संस्था के संरक्षक डॉ. के.एल.जैन ने सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत कर लोगों को समाज सेवा के जुड़ने का संदेष दिया तथा इस रोग के प्रति लोगों के मन मे जड कर चुकी धारणाओं को समाप्त करने की अपील की। उन्होने यह भी कहा की सार्थक मानव कुष्ठाश्रम ने गरीब, निर्बल, विकलाँग एवं बेसहारा लोगों के लिए जो रोजगारोन्मुखी केन्द्र चला रखे हैं, वह आज समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पूर्व आईएएस आई.सी.श्रीवास्तव ने अपने भाषण में बताया कि भारत में कुष्ठ रोग एक बहुत बड़ी समस्या थी जिसे राज्य सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के अथक प्रयासों से काबू पा लिया गया है। संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने संस्था द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था कुष्ठ प्रभावितों, विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों, बेसहारा वृद्धजनों, गरीब महिलाओं, आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों आदि के लिए पूर्ण समर्पित भाव से कार्यरत है। व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र ह्यह्यरामगढ़ पुनः स्थापन केन्द्रह्यह्य के क्रियाकलापों की विस्तार से चर्चा की। साथ ही वृद्धजनों हेतु एक वृद्धाश्रम का भी संचालन किया जा रहा है। अभी हाल ही संस्था द्वारा रामगढ़ पुनः स्थापन केन्द्र प्रांगण में आस पास के ग्रामीण लागों के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधओं से युक्त एक पुस्तकालय का भी शुभारम्भ किया है। कुष्ठ रोगियों के इस मुख्य समारोह में शहर के सभी आश्रमों के अनेक कुष्ठ मुक्त व्यक्तियों विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह का संचालन मुकेश शर्मा ने किया एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमिताभ कौशिक ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद दिया। अंत में राष्ट्रीय गान से समारोह का समापन हुआ।





# पंचकल्याण में हुए तप कल्याणक की क्रियाएं

## निकली चक्रवर्ती सम्राट की शोभायात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रताप नगर सेक्टर 8 में चल रहे छ दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में चौथे दिन तप कल्याणक की क्रियाएं हुई, आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश जैन बावड़ी के अनुसार दशहरा मैदान प्रताप नगर पर चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को तप कल्याणक की क्रियाएं उपाध्याय श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज ससंघ सानिध्य में पूर्ण हुई।इस अवसर पर सभा गौरव के रूप में चौरासी प्रवासी समाज समिति के पदाधिकारियों ने सिकरत की। तप कल्याणक के अंतर्गत बालक शांतिकुमार से राजा बने भगवान का विवाह क्रिया हुई शांतिकुमार के चक्रवर्ती सम्राट बनने पर शोभायात्रा निकली गई। शांतिकुमार का राज्याभिषेक हुआ, शांतिकुमार को राजदरबार में आयना देखते हुए आयुकर्म का बोध हुआ और दीक्षा लेने के लिए वन की ओर चल दिए, अपना संपूर्ण साम्राज्य पुत्र नारायण को सौप भगवान शांतिनाथ ने पिच्छी कमंडल ले दीक्षा ग्रहण कर ली, इस अवसर पर इसको देखकर चक्रवर्ती सम्राट आदि कुमार की माता अश्रुपूरित नेत्रों से भगवान को रोकने का प्रयास करती है। यह दृश्य देखकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। वैराग्य का दृश्य से महिलाओं के नेत्रों से अश्रु धारा बहने लगी। उपाध्याय श्री ऊर्जयंत सागर जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि दीक्षा प्रदान कर तप की क्रियाएं पूर्ण की जाती है तो देवों द्वारा वैराग्य की आराधना की जाती है इस अवसर पर अनेकों स्त्री पुरुषों ने संयम की साधना के लिए ब्रह्मचर्य व्रत अंगीकार किया।



# प्रदेश में अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पॉवर पार्क्स की स्थापना के लिए टी.एच.डी.सी.एल. एवं आर.आर.ई.सी.एल. के मध्य 10000 मेगावाट क्षमता का जे.वी. एग्रीमेन्ट निष्पादित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत सरकार की मिनी रत्न ए-श्रेणी की कम्पनी टी.एच.डी.सी लिमिटेड तथा राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के मध्य सोमवार 30 जनवरी को जयपुर में ज्वाइंट वैंचर कम शेयर होल्डिंग एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किए गए। टी.एच.डी.सी. एवं आर.आर.ई.सी. ज्वाइंट वैंचर कंपनी में 74:26 प्रतिशत हिस्से क्रमशः की भागीदारी होगी। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष आशुतोष ए.टी. पेडणेकर तथा प्रबंध निदेशक अनिल ढाका की उपस्थिति में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के तकनीकी निदेशक डी.के. शर्मा तथा टी.एच.डी.सी. के चीफ जनरल मैनेजर (सोलर) एस.एस. पॅवार द्वारा उक्त समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष आशुतोष ए.टी. पेडणेकर द्वारा इस अवसर पर अवगत करवाया गया कि इस ज्वाइंट वेंचर कम्पनी द्वारा प्रदेश में 10,000 मेगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनायें प्रदेश के विभिन्न स्थानों में चरणबद्ध रूप से विकसित की जाएंगी।